प्रादेशिक समाचार
23.12.2024 (दोपहर—1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से 71 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह रोजगार पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराये जा रहे हैं और नवनियुक्तकर्मी समर्पण और सत्य निष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

******************

यह रोजगार मेला आज देश के 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। रांची के सेंबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में आयोजित रोजगार मेले में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 324 अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने संकल्पों को पूरा कर रहे हैं।

******************

उधर, हजारीबाग के मेरू स्थित प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला विकसित भारत के लक्ष्य का हिस्सा है।

******************

सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा के लिए आज से झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे पलामू में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस क्रम में वे हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के साथ ही कौआ खो गांव में ड्रिप सिंचाई प्रणाली और अनुसूचित जाति, एससी आवासीय विद्यालय का भी निरीक्षण करेंगे। वे दूरदर्शन केंद्र और सीबीसी कार्यालय समेत पलामू सदर अस्पताल का भ्रमण करेंगे और मोहम्मदगंज में चल रहे रेलवे परियोजना का भी जायजा लेंगे।

******************

झारखंड सरकार ने केंद्र से जीएसटी मुआवजा का कम से कम 70 फीसदी राशि मुहैया कराने का आग्रह किया है। राज्य सरकार के मुताबिक पिछले पांच साल में जीएसटी मुआवजा 41 हजार करोड़ रुपये था, लेकिन झारखंड को सिर्फ 14 हजार करोड़ रुपये ही मिल सके। राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य सरकार को केंद्र से सहयोग की दरकार है।

******************

राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग की ओर से कल रांची में पेसा अधिनियम पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य पेसा अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के बारे में जागरूकता फैलाना है। इस कार्यशाला में पंचायती राज, ग्रामीण विकास और ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडे सिंह मौजूद रहेंगी। इसके अलावा केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय शासन को आगे बढ़ाने में पेसा के महत्व पर प्रकाश डालेंगे।

******************

साहिबगंज जिले में पहली बार पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए पशु चलंत चिकित्सा वाहन की सेवा शुरू की गयी है।

*******समाप्त*******